संख्या-126/2016/233/22-2-2016-17(299)/2009

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 17 अगस्त, 2016***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्व सिद्धदोष बन्दी संजीव पुत्र श्री हीरा लाल, निवासी-जनपद-हाथरस की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2563/प्रो0-5-दया0-अन्य-118/22-12-2015 दिनांक 25-01-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी संजीव पुत्र श्री हीरा लाल, निवासी ग्राम-नगला बाबू, थाना-मुरसान, जनपद-हाथरस। बन्दी द्वारा लडकी को छेडने पर की गयी पिटाई से नाराज होकर दिनांक 26/27.05.94 को 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर चाकूओं से 05 व्यक्तियों की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिए बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1314/1995 में भा0द0वि0 की धारा-302, 148 के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश, (ई0सी0एक्ट), अलीगढ द्वारा दिनांक 05.12.1995 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी के 05 अन्य सहअभियुक्त कारागार में सजा भुगत रहे है। बन्दी द्वारा दिनांक 08.09.2015 तक 20 वर्ष 08 माह 26 दिन की अपरिहार एवं 27 वर्ष 02 माह 27 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। तथा बन्दी की आयु लगभग 42 वर्ष है। पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हाथरस द्वारा समयपूर्व रिहाई का घोर विरोध किया गया है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी के कारित अपराध की प्रकृति, जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक की आख्या के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि विषयांकित बन्दी संजीव (बन्दी संख्या-3560) पुत्र श्री हीरा लाल, निवासी जनपद-हाथरस की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

भवदीय,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-126/2016/233/(1)/22-2-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, हाथरस।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in